2 For each Hostel there shall be a Warden and other staff as may be determined by the Director of the Institute from time to time. The office of the Chairman, Council of Wardens (CoW) and other Wardens shall be held by the members of the academic staff of the Institute. These appointments shall be made by the Director. The Warden of a Hostel shall be responsible for managing it efficiently.

3 Every student residing in a Hostel shall join the Hostel Mess. However, the Warden may exempt an individual student from the Hostel Mess on medical grounds for a specified period.

4 During Institute vacations, messes of a few Hostels will function, depending upon need. All students staying in the Hostel during vacation shall have to join one of these messes. No other arrangement will normally be permitted.

5 Each Hostel shall have a Executive Committee (HEC). The constitution of the HEC and its functions shall be as decided by the CoW.

6 Every resident shall be personally responsible for the safe up-keep of the furniture and other items supplied to the resident and will be charged for any damage or loss caused by design or negligence during the occupancy of the room.

7 Every resident must pay the mess bill by the due date, announced by the Warden. Failure to deposit the dues in time may result in fine or such other penalty as the Warden may deem fit. Even the registration of a student may be cancelled in case of failure to clear the mess dues within 30 days of the due date.

8 Besides the payment of mess dues, every resident will also pay establishment charges every month at the rate prescribed from time to time by the Warden. This is in addition to the mess establishment charges payable to the Institute.

9 Residents shall respect the right of each individual to express his/her ideas, pursue his/her interests and follow the style of life most meaningful to him/her. However, party based political campaigning is prohibited.

10 Visitors of the opposite sex are strictly prohibited to enter the residential blocks of any Hostel.

11 Students are disallowed to enter the residential areas of faculty and employees except on invitation.

12 Use of liquor, drugs, or any other intoxicants in the Hostel premises is strictly prohibited.

13 Every resident shall comply with all the rules and regulations of the Hostel as may be in force from time to time. The Warden shall take necessary action against the defaulters.

14 The guidelines for Hostel residents will be displayed on the Institute website in the form of Hostel Manual.

14. AMENDMENTS

Any amendments to the Ordinances made by the Senate shall be displayed here.

[F. No. 52-2/2017–TS.I]

SUKHBIR SINGH SANDHU, Addl. Secy. (TE)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 23 अक्तूबर, 2019

का.आ. 3811(अ).—भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) अधिनियम, 2017 (2017 का 23), की धारा 34 (1) (2) और (3) के साथ पठित धारा 33 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, शासी बोर्ड के अनुमोदन से सीनेट, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के निम्नलिखित अध्यादेश बनाती है।

बीटेक (ऑनर्स) कार्यक्रम अध्यादेश

1. परिचय

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची (भा.सू.प्रौ.स. रांची) में स्नातक कार्यक्रम के उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

• प्रौद्योगिकी और विज्ञान में उच्चतम स्तर की शिक्षा प्रदान करना और सक्षम, रचनात्मक और कल्पनाशील अभियंत्रो और वैज्ञानिकों का सृजन करना,

• कुशल तकनीकी जनशक्ति के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देना, और

• राष्ट्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए एक बौद्धिक कोषांग बनाना।

स्नातक कार्यक्रम इन उद्देश्यों को प्राप्त करने और छात्र में अवधारणाओं और बौद्धिक कौशल, साहस और निष्ठा, समाज की जरूरतों और आकांक्षाओं के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को विकसित करने के लिए अभिकल्पित किए गए हैं।

इन नियमावली में निहित उपबंध, पाठ्यक्रम निर्देश प्रदान करने, परीक्षा आयोजित करने और छात्र के निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए अभियांत्रिकी /प्रौद्योगिकी में 4 वर्षीय पाठ्यक्रमों का नेतृत्व करने वाले बी.टेक (ऑनर्स) की डिग्री की शर्तों को शासित करेगा।

1.1 संस्थान द्वारा चलाये जाने वाले सभी बी.टेक (ऑनर्स) कार्यक्रम इन बी.टेक अध्यादेशों द्वारा शासित होंगे।

1.2 इन कार्यक्रमों के तहत बी.टेक अध्यादेश भविष्य में आरंभ किए जाने वाले किसी भी नए विषय पर लागू होंगे।

1.3 कोई छात्र इन अध्यादेशों द्वारा निर्धारित सभी शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद बी.टेक उपाधि प्राप्ति हेतु पात्र होगा।

1.4 संस्थान में बी.टेक की निम्नलिखित शाखाएँ होंगी:

- कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी (सीएसई)
- इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी (ईसीई)

1.4.1 इस विनियम के उपबंध किसी भी नए विषयों पर भी लागू होंगे जो समय-समय पर आरंभ किए जाते हैं और अनुच्छेद 1.4 की सूची में जोड़े जाते हैं।

1.4.2 सीनेट की सिफारिश पर, शासक मंडल किसी भी समय सीनेट द्वारा उपयुक्त माने जाने वाले इस विनियम के किसी भी या सभी भागों को बदल सकता है।

1.5.1 सीनेट की पूर्व स्नातक समिति (एसयूजीसी)

सीनेट के उप-नियमों के अनुसार स्थापित सीनेट पूर्व स्नातक समिति में, प्रत्येक शैक्षणिक विभाग और अंतःविषय कार्यक्रमों प्रत्येक में से एक-एक प्रतिनिधि (संयोजक यूजीसी) है तथा चार अतिरिक्त सदस्य जिनमें से दो सीनेट के प्रतिनिधि और दो पूर्वस्नातक छात्र (तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के) जो इस उद्देश्य के लिए कक्षा के वरिष्ठ छात्रों द्वारा नामांकित होते हैं, शामिल होंगे। एसयूजीसी का अध्यक्ष, एसयूजीसी के संयोजकों में से होगा और सीनेट द्वारा अनुमोदित किया जाएगा, वह एसयूजीसी की बैठक बुलाएगा और उसकी अध्यक्षता करेगा।

संस्थान के स्नातक कार्यक्रमों से संबंधित निम्नलिखित मामलों में एसयूजीसी का अधिकार क्षेत्र निम्नानुसार है:

- *नए पाठ्यक्रमों की औपचारिक स्वीकृति,*
- *पहले से अनुमोदित पाठ्यक्रमों में वांछनीय संशोधन,*
- *पाठ्यक्रमों का क्रेडिट मूल्यांकन,*
- *प्रथम वर्ष में दुबारा पढने वाले छात्रों को अग्रिम रूप से औपचारिक स्वीकृति,*
- *डिग्री प्रदान करना,*
- *शैक्षणिक निष्पादन का मूल्यांकन और*
- *इस प्रकार के अन्य संबंधित मामलों को सीनेट द्वारा संदर्भित किया जा सकता है*

एसयूजीसी के कार्यों में मुख्य रूप से सामान्य नीति निर्धारण, समन्वय और समीक्षा शामिल हैं, लेकिन, सीनेट अंतिम समीक्षा की शक्ति को बरकरार रखता है और इस तरह के मामलों में निर्णय लेता है जो इसके समक्ष अपील में लाए जा सकते हैं। एसयूजीसी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने में, संबंधित विभिन्न शैक्षणिक विभागों की सिफारिशों और संस्तुतियों का पूरा उपयोग करेगा। एसयूजीसी की दो स्थायी उप-समितियाँ होती हैं। पाठ्यक्रम समिति (सीसी) और शैक्षणिक निष्पादन मूल्यांकन समिति (एपीईसी) जिन्हें विभागीय स्नातक समितियों (डीयूजीसी) द्वारा सहायता प्रदान की जाती है।

एसयूजीसी के अध्यक्ष पाठ्यक्रम समिति (सीसी) और शैक्षणिक निष्पादन मूल्यांकन समिति (एपीईसी) दोनों के संयोजकों को नामित करते हैं। ये संयोजक एसयूजीसी अध्यक्ष के परामर्श से अपनी संबंधित समितियों का गठन करते हैं जिसमें एसयूजीसी सदस्यों में से पाँच संकाय सदस्य शामिल होते हैं। मुख्य पाठ्यक्रम समिति मुख्य पाठ्यक्रम की देख-रेख करता है, इसके विभिन्न पहलुओं का समन्वय करता है और अन्य सभी प्रासंगिक कार्य करता है। शैक्षणिक निष्पादन मूल्यांकन समिति स्नातक छात्रों के शैक्षणिक निष्पादन का मूल्यांकन एवं (i) अध्ययन के अगले कार्यक्रम के बारे में सिफारिश और (ii) शैक्षिक दृष्टि से कमजोर छात्रों के मामले में की जाने वाली कार्रवाई से एसयूजीसी को अवगत कराता है ।*यह दोनों समितियां अपनी सिफ़ारिशें एसयूजीसी को प्रेषित करती हैं*।

1.5.2 विभाग की स्नातक समिति (डीयूजीसी)

विभाग स्नातक समिति (डीयूजीसी) का गठन विभाग के संकाय सदस्यों के परामर्श से विभागाध्यक्ष द्वारा किया जाता है। इसमें एक संयोजक, विभागाध्यक्ष, डीपीजीसी के संयोजक, न्यूनतम दो और अधिकतम चार संकाय सदस्य, दो छात्र प्रतिनिधि और दूसरे विभाग / कार्यक्रम के एक संकाय सदस्य होते हैं। डीयूजीसी के संयोजक को दो वर्ष की अवधि के लिए विभाग के प्रमुख द्वारा नामित किया जाता है। छात्र प्रतिनिधि और बाहरी संकाय सदस्यों को संकायाध्यक्ष(शैक्षणिक मामलों) द्वारा नामित किया जाएगा। छात्रों को तीसरे और चौथे वर्ष के वरिष्ठ छात्रों से नामांकित किया जाएगा। संकाय सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा, जिनमें से आधे प्रत्येक वर्ष इसकी सदस्यता से निवृत्त होंगे।

डीयूजीसी निम्नलिखित के प्रति उत्तरदायी है

i) व्याख्यान, ट्यूटोरियल और प्रायोगिक कक्षाओं का पर्यवेक्षण एवं उन्हें सम्पन्न कराना।
ii) कक्षा परीक्षा, प्रश्नोतरी, प्रायोगिक परीक्षा, समापन सेमेस्टर परीक्षा, सेमिनार और प्रोजेक्ट प्रस्तुति का पर्यवेक्षण एवं उन्हें सम्पन्न कराना।
iii) छात्रों को दिये जाने वाले गुणवत्तापरक अनुदेशों की निगरानी
iv) नए पाठ्यक्रम और कार्यक्रम का प्रस्ताव और कार्यान्वयन
v) छात्रों की समस्याओं पर विचार करना और उन्हें शैक्षणिक मामलों में सलाह देना।
vi) निर्धारित प्रारूप (फॉर्म यूजी-01 और यूजी-02) में छात्रों से कोर्स अनुदेशकों के निष्पादन मूल्यांकन की प्रतिक्रिया प्राप्त करना।

डीयूजीसी से अपेक्षित है कि वह नियमित रूप से बैठक करे और अपने निर्णयों का रिकार्ड रखे ।

1.6 शैक्षणिक मामलों के संकायाध्यक्ष का कार्यालय

शैक्षणिक मामलों के संकायाध्यक्ष (डीए) का कार्यालय, जिसे शैक्षणिक अनुभाग कहा जाता है, सीनेट और एसयूजीसी द्वारा अकादमिक मामलों पर लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होता है।यह (i) स्नातक कार्यक्रमों से संबंधित सभी अभिलेख प्राप्त करता है, नियमानुसार उन्हें आगे बढ़ाता है और उनका रख-रखाव करता है, जिसमें चलाये जाने वाले पाठ्यक्रम, शैक्षणिक कैलेंडर, पंजीकरण, छुट्टी, परीक्षाएं, ग्रेड और उपाधि प्रदान करना एवं पुरस्कार शामिल हैं, (ii) सभी शैक्षणिक मामलों से संबंधित सूचना का प्रसार करता है, (iii) आवश्यक ज्ञापन / आदेश जारी करता है, (iv) छात्रों, प्रशिक्षकों,

विभागों / अंतःविषय कार्यक्रमों और एसयूजीसी के बीच संचार के एक माध्यम के रूप में कार्य करता है। शैक्षणिक अनुभाग का अंडर-ग्रेजुएट (यूजी) कार्यालय, एसयूजीसी और उसके उपसमितियों को उनके कार्यों में सहायता करता है।

2. अकादमिक कैलेंडर

2.1 शैक्षिक सत्र को दो सेमेस्टर में विभाजित किया जाता है जिसमें प्रत्येक सेमेस्टर की अवधि लगभग 20 सप्ताह की होती है। एक शरद ऋतु सेमेस्टर (जुलाई - दिसंबर) और एक बसंत सेमेस्टर (दिसंबर मई) ।

2.2 सीनेट-सत्र के लिए शैक्षणिक गतिविधियों की अनुमोदित अनुसूची, जिसमें पंजीकरण, मध्य सेमेस्टर और अंत - सेमेस्टर परीक्षाएं, इंटरसेमेस्टर अंतराल की तिथियों आदि को उस सत्र के लिए शैक्षणिक कैलेंडर में निर्धारित होंगी। शैक्षणिक कैलेंडर प्रत्येक सेमेस्टर में कुल लगभग 90 कार्य दिवस उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा।

2.3 इसके अतिरिक्त, ग्रीष्म अंतराल के दौरान एक सेमेस्टर हो सकता है, जिसे ग्रीष्मकालीन सेमेस्टर कहा जाता है।

3. प्रवेश

3.1 भा.सू.प्रौ.स. रांची के स्नातक कार्यक्रम की प्रत्येक शाखा में सीटों की संख्या, जिन पर प्रवेश दिया जाना है, का संस्थान के सीनेट द्वारा निर्णय लिया जाएगा। समय-समय पर भारत सरकार के निर्णयों के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए सीटें आरक्षित हैं।

3.2 किसी भी वर्ष में बी टेक कार्यक्रम में प्रवेश भारत सरकार के आदेशों के अनुसार होगा। वर्तमान में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के दिशा निर्देशों के अनुसार संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मैनस और एचएससी परीक्षाओं में निष्पादन एवं संबंधित वर्ष के लिए सीएसएबी द्वारा आयोजित उपबोधन (काउंसलिंग) के आधार पर प्रवेश होता है।

3.3 संस्थान के किसी भी कार्यक्रम में प्रत्येक छात्र का प्रवेश अनंतिम या अन्यथा होता है । वह सीनेट द्वारा निर्धारित अर्हक डिग्री / अनंतिम प्रमाण पत्र और ऐसे अन्य दस्तावेजों की प्रतियां प्रस्तुत करेगा। इन दस्तावेजों को निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा।

यदि कोई छात्र निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करता है अथवा प्रवेश के लिए किसी अन्य निर्धारित आवश्यकता को पूरा करने में असफल रहता है तो सीनेट द्वारा उसके प्रवेश को रद्द किया जा सकता है।

3.4 यदि ऐसा पाया जाता है कि प्रवेश लेते समय किसी छात्र ने कुछ असत्य सूचना दी थी अथवा कुछ प्रासंगिक जानकारी को दबा दिया हो, तो छात्र के प्रवेश को सीनेट द्वारा बाद में किसी भी समय रद्द किया जा सकता है ।

3.5 संस्थान के पास किसी भी छात्र के प्रवेश को रद्द करने का अधिकार है और छात्र के असंतोषजनक अकादमिक निष्पादन अथवा अनुशासनात्मक आधार पर उसके करियर के किसी भी स्तर पर उसकी पढ़ाई बंद करने के लिए कह सकता है।

4. आवास

4.1 यह संस्थान अनिवार्य रूप से एक आवासीय संस्थान है और जब तक अन्यथा छूट/अनुमति न हो, प्रत्येक छात्र को आवंटित छात्रावास में आवासी के रूप में निवास करना होगा।

4.2 छात्रावास में रहने के दौरान किसी छात्र को जो शर्तें निश्चित रूप से पूरी करनी होती हैं, उनका उल्लेख परिशिष्ट I में किया गया है।

5. उपस्थिति

5.1 सभी कक्षाओं (व्याख्यान, ट्यूटोरियल, प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं आदि) में उपस्थिति जिसके लिए उन्हें पंजीकृत किया गया है। असंतोषजनक उपस्थिति के आधार पर किसी भी छात्र को परीक्षा में बैठने से वंचित किया जा सकता है।

5.2 बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थिति को अनुशासनहीनता का कार्य माना जाएगा। ऐसे मामलों पर खंड 3.5 के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

5.3 कक्षाओं आदि में उपस्थिति के बारे में विस्तृत नियम परिशिष्ट II में दिए गए हैं

6. आचरण एवं अनुशासन

6.1 छात्र संस्थान के भीतर और बाहर ऐसा ही उचित आचरण करेंगे जो किसी राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के छात्र के आचरण के अनुरूप हो।

6.2 आचरण और अनुशासन के बारे में विस्तृत नियम परिशिष्ट III में दिए गए हैं

7. अवकाश,विश्राम अवकाश एवं सेमेस्टर अवकाश

7.1 अवकाश

छात्र, समय -समय पर संस्थान द्वारा अधिसूचित अवकाश के हकदार होंगे।

7.2 मध्य सेमेस्टर अवकाश

स्नातक छात्र अकादमिक कैलेंडर में निर्दिष्ट मध्य सेमेस्टर अवकाश और विश्राम अवकाश का लाभ उठाने के पात्र हैं।

7.3 सेमेस्टर अवकाश

किसी छात्र को शैक्षणिक कार्यक्रम से अस्थायी रूप से नाम वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उसे बिना किसी अंतराल के अपनी पढ़ाई पूरी करनी होगी। यद्यपि, वास्तविक कारणों एवं/अथवा असाधारण परिस्थितियों में, छात्र को एसयूजीसी की सिफारिशों पर सीनेट की पूर्व स्वीकृति के साथ सेमेस्टर के लिए अस्थायी रूप से नाम वापस लेने की अनुमति दी जा सकती है। अनुपस्थिति के ऐसे सेमेस्टर अवकाश, सेमेस्टर अवकाश सहित शैक्षणिक कार्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान अथवा बिना अंतराल के दो सेमेस्टर से अधिक नहीं होंगे। किसी भी स्थिति में, कार्यक्रम की कुल अवधि, अधिकतम स्वीकार्य अवधि के सात (7) वर्ष से अधिक नहीं होगी।

छात्र विभागाध्यक्ष को आवेदन पत्र (फॉर्म: बीपी -05) जमा करेंगे और फिर इसे निमन्वत भेजा जाएगा :

8. **शाखा परिवर्तन**

8.1 समान्यतया स्नातक कार्यक्रम की एक विशेष शाखा में प्रवेश पाने वाले छात्र कार्यक्रम पूर्ण होने तक उस शाखा में अध्ययन जारी रखेंगे।

8.2 यद्यपि, विशेष मामलों में संस्थान पहले दो सेमेस्टर के बाद सीएसएबी के माध्यम से एक छात्र को पढ़ाई की एक शाखा से दूसरे में परिवर्तन की अनुमति दे सकता है। इस तरह के परिवर्तन की अनुमति प्रावधानों के अनुसार की दी जाएगी ।

8.3 दूसरे सेमेस्टर के बाद केवल उन छात्रों को शाखा / कार्यक्रम में बदलाव के लिए योग्य माना जाएगा, जिन्होंने अपने पहले प्रयास में अपने अध्ययन के पहले दो सेमेस्टर में आवश्यक सभी सामान्य क्रेडिट को पूर्ण एवं उत्तीर्ण किया है।

8.4 पात्र छात्रों को शाखा / कार्यक्रम में परिवर्तन हेतु अवश्य ही निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना चाहिए। शैक्षणिक अनुभाग प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के दूसरे सेमेस्टर के अंत में आवेदन मंगाएगा और पूर्ण किए गए फॉर्म को अधिसूचना में निर्दिष्ट अंतिम तिथि तक जमा करवाना होगा।

8.5 छात्र वरीयता के क्रम में अपनी पसंद की उस शाखा / कार्यक्रम को सूचीबद्ध कर सकते हैं, जिसमें वे बदलाव करना चाहते हैं। आवेदन जमा होने के बाद विकल्पों में फेरबदल करना अनुमन्य नहीं होगा।

8.6 शाखा/कार्यक्रम का परिवर्तन आवेदकों की मेधा के क्रम अनुसार दृढ़ता से किया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए दूसरे सेमेस्टर के अंत में प्राप्त सीपीआई पर विचार किया जाएगा। बराबरी के मामले में, आवेदकों की जेईई रैंक पर विचार किया जाएगा।

8.7 आवेदकों को परस्पर मेधा के क्रम में दृढ़ता से शाखा / कार्यक्रम में बदलाव करने की अनुमति, इस सीमा के अधीन दी जा सकती है कि किसी शाखा की छात्र संख्या, वर्तमान संख्या से दस प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए और स्वीकृत संख्या की दस प्रतिशत से अधिक नहीं जानी चाहिए।

8.8 उपर्युक्त नियमों के अनुसार किए गए शाखा / कार्यक्रम के सभी परिवर्तन संबंधित आवेदकों के तीसरे सेमेस्टर से प्रभावी होंगे। इसके पश्चात किसी भी शाखा / कार्यक्रम में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8.9 शाखा / कार्यक्रम के सभी परिवर्तन अंतिम और आवेदकों पर बाध्यताकारी होंगे। किसी भी परिस्थिति में किसी भी छात्र को प्रस्तावित शाखा / कार्यक्रम में परिवर्तन को अस्वीकार करने की अनुमति नहीं होगी ।

9. **पाठ्यक्रम संरचना**

9.1 पाठ्यक्रमों का अध्यापन क्रेडिट में होगा; पाठ्यक्रम हेतु क्रेडिट का निर्धारण निम्नलिखित सामान्य पैटर्न के आधार पर होता है:

i. प्रत्येक व्याख्यान अवधि के लिए दो क्रेडिट

ii. प्रत्येक ट्यूटोरियल अवधि के लिए दो क्रेडिट

iii. प्रत्येक प्रयोगशाला या प्रायोगिक या परियोजना सत्र के लिए प्रति घंटे एक क्रेडिट।

9.2 संस्थान की बी.टेक (ऑनर्स) की डिग्री हेतु अर्हता प्राप्त करने के क्रम में छात्र से यह अपेक्षित होता है कि वह उस कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम में निर्धारित क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करे ।

9.3 सामान्य रूप से किसी भी सेमेस्टर में छह से अधिक व्याख्यान आधारित पाठ्यक्रम और चार प्रयोगशाला पाठ्यक्रम नहीं होंगे।

यद्यपि, विशेष मामलों में, छात्रों को सात व्याख्यान-आधारित पाठ्यक्रम लेने की अनुमति दी जा सकती है।

9.4 कोर्स की कार्य आवश्यकताओं को मोटे तौर पर निम्नलिखित चार मुख्य समूहों में विभाजित किया जा सकता है:

i. मानविकी और सामाजिक विज्ञान

ii. विज्ञान और गणित

iii. सामान्य अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम

iv. व्यावसायिक पाठ्यक्रम

9.5 किसी विभाग के लिए कुल पाठ्यक्रम पैकेज में निम्नलिखित घटक शामिल होंगे:

i. सामान्य अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम

ii. विभागीय कोर पाठ्यक्रम

iii. विभागीय वैकल्पिक पाठ्यक्रम

iv. संस्थागत वैकल्पिक पाठ्यक्रम (मानविकी और समाज विज्ञान ऐच्छिक सहित)

v. विदेशी / भाषाविज्ञान भाषा:

एचएस 405 फ्रेंच

एचएस 407 जर्मन

एचएस 409 जापानी

एचएस 411 संस्कृत

9.6 प्रत्येक बी.टेक (ऑनर्स) कार्यक्रम में सीनेट द्वारा अनुमोदित कोर्सों के लिए एक पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम होगा ।

9.7 शिक्षण, परीक्षा और परियोजना रिपोर्टों का माध्यम अंग्रेजी होगा।

9.8 संकाय सलाहकार: छात्रों को अध्ययन के उनके पाठ्यक्रमों की योजना बनाने और शैक्षणिक कार्यक्रम पर सामान्य सलाह प्राप्त करने में सहयोग करने के लिए, संबंधित विभाग प्रत्येक छात्र हेतु एक संकाय सलाहकार नियुक्त करेगा।

10. **पंजीकरण**

10.1 बी.टेक (ऑनर्स) पाठ्यक्रमों के प्रत्येक छात्र से यह अपेक्षित है कि वह सेमेस्टर के प्रारंभ में शैक्षणिक कैलेंडर में पंजीकरण के लिए अधिसूचित किए गए दिन पर उपस्थित रहे और अपना पंजीकरण कराये ।

10.2 प्रथम (शरद ऋतु) सेमेस्टर के छात्रों का पंजीकरण संस्थान के शैक्षणिक अनुभाग द्वारा केंद्रीय रूप से आयोजित किया जाएगा। अन्य सभी सेमेस्टर के लिए विभाग के प्रमुख की देख-रेख में पंजीकरण विभागीय व्यवस्था / ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा।

10.3 यदि कोई छात्र अपरिहार्य कारणवश पंजीकरण के लिए घोषित तिथि पर अपना पंजीकरण नहीं कर पाता है, तो कारणों पर विचार करते हुए उसे संस्थान द्वारा निर्धारित प्रचलित अतिरिक्त विलंब शुल्क के भुगतान पर अगले तीन कार्य दिवसों के भीतर देर से पंजीकरण कराने की अनुमति दी जा सकती है। आम तौर पर निर्धारित तिथि के बाद विलंब से पंजीकरण की अनुमति नहीं होगी।

10.4 केवल उन्हीं छात्रों को पंजीकृत करने की अनुमति होगी जिन्होंने:

क) पिछले सेमेस्टर की सभी (संस्थान और हॉल) बकाया राशि का भुगतान कर दिया हो।

ख) जिसने वर्तमान सेमेस्टर के लिए सभी आवश्यक शुल्क का भुगतान कर दिया हो, और

ग) जिसे अनुशासनात्मक या किसी अन्य आधार पर निर्दिष्ट अवधि के लिए पंजीकरण करने से वंचित नहीं किया गया हो ।

10.5 दूसरे वर्ष में पंजीकरण करवाने में सक्षम होने के लिए एवं अंत तक संस्थान में अपना अध्ययन जारी रखने वाले प्रथम वर्ष के छात्र को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी

(i) संतोषजनक ढंग से कम से कम 37 क्रेडिट पूर्ण हो, और

(ii) ग्रेड प्वाइंट औसत (जीपीए) 6.00 से कम न हो जिसकी गणना न्यूनतम 37 क्रेडिट प्राप्त करने के लिए उसके द्वारा प्राप्त सर्वश्रेष्ठ ग्रेड के संयोजन के आधार पर की जाती है ।

अनुपूरक परीक्षाओं और / अथवा ग्रीष्म तिमाही बाद भी उपरोक्त दोनों स्थितियों को संतोषजनक ढंग से पूरा करने में विफल रहने वाले छात्र के लिए प्रथम वर्ष के बाद अपनी पढ़ाई बंद करने और संस्थान छोड़ना अपेक्षित होता है।

टिप्पणी : पी विषयों के एक सेट के लिए जीपीए की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

$$GPA = \frac{\sum_{i=1}^{p} c_i \, g_i}{\sum_{i=1}^{P} c_i}$$

जहाँ 'c $_i$ ' सेट में किसी विशेष विषय i के लिए आवंटित क्रेडिट की संख्या है, और `g $_i$ ' उस विषय में छात्र को दिए गए लेटर ग्रेड द्वारा दिया गया ग्रेड – पॉइंट है।

10.6 किसी भी तीसरे सेमेस्टर (शरद) के आगे से सेमेस्टर (बसंत) में:

क) जो छात्र पिछले शरद ऋतु सेमेस्टर के सभी विषयों में उत्तीर्ण हुए हैं वे संबंधित विषय के पाठ्यक्रम में निर्दिष्ट विषयों के लिए पंजीकरण करेंगे।

ख) जो छात्र पिछली शरद ऋतु सेमेस्टर में एक या एक से अधिक विषयों (आगे इसे बैकलॉग विषय कहा गया है) में असफल रहे हैं, उन्हें पहले उस सेमेस्टर में पढ़ाये जाने वाले कई बैकलॉग विषयों में पंजीकृत करवाना चाहिए बशर्ते समय सारणी उन्हें किसी नए विषय में पंजीकरण की अनुमति दे। हालांकि, कुल क्रेडिट 32 से अधिक नहीं होने दिया जाएगा अथवा कम से कम एक बैक लॉग पेपर को वर्तमान सेमेस्टर के सामान्य क्रेडिट के अलावा पंजीकृत करने की अनुमति दी जाएगी।

ग) वे छात्र जिनके पास एक ब्रेड्थ या वैकल्पिक विषय में बैकलॉग है, वे संबंधित सेमेस्टर में प्रस्तुत किए गए ऐच्छिक के एक और समूह के भीतर या किसी अन्य विषय में एक वैकल्पिक विषय में पंजीकरण कर सकते हैं।

10.7 कोई छात्र जो i) विषय शिक्षक की सिफारिश के अनुसार गैर संतोषजनक उपस्थिति के कारण अथवा ii) संस्थान द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई iii) परीक्षा में कदाचार अपनाने के कारण किसी भी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गया है और परिणाम स्वरूप ग्रेड 'एक्स', प्राप्त करता है तो वह वंचित अवधि की समाप्ति के बाद उस विषय (विषयों) में पुनः पंजीकरण करा सकता है, बशर्ते इस विनियम के अन्य उपबंध उसे ऐसा करने से न रोकते हों।

10.8 संकाय सलाहकार की सहमति से किसी छात्र को पंजीकरण के दिन से एक सप्ताह के भीतर विषयों के अपने पंजीकरण को बदलने की अनुमति दी जा सकती है।

10.9 आगामी सेमेस्टर के लिए ब्रेथ और अतिरिक्त विषयों सहित सभी विषयों में छात्रों का एक पूर्व पंजीकरण शैक्षणिक कैलेंडर में तय किए जाने वाले समय स्थान के दौरान वर्तमान सेमेस्टर में आयोजित किया जाएगा। सभी पूर्व पंजीकरण की पुष्टि, सामान्य पंजीकरण समय के दौरान होगी।

11 मूल्यांकन और ग्रेडिंग प्रणाली

11.1 मूल्यांकन

संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में पंजीकृत छात्र को उनके सतत मूल्यांकन प्रक्रिया के आधार पर प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में संबंधित प्रशिक्षक द्वारा उसके प्रत्येक पाठ्यक्रम में लेटर ग्रेड (अर्थात ओ, ए, बी, सी, डी, पी, एफ, आई, एबीएस) से सम्मानित किया जाएगा। इसमें उस सेमेस्टर के दौरान संबंधित प्रशिक्षक द्वारा किए गए सभी मूल्यांकन अभ्यासों जैसे - टर्मिनल -1, टर्मिनल -2, मिड सेमेस्टर परीक्षा, प्रश्नोत्तरी , असाइनमेंट, ट्यूटोरियल, आंतरिक मूल्यांकन, पाठ्यक्रमों में उपस्थिति और अंतिम सेमेस्टर परीक्षा आदि के लिए उचित अधिमान शामिल होगा।

11.2 ग्रेडिंग प्रणाली

भा.सू.प्रौ.स.आर एक सापेक्ष ग्रेडिंग प्रणाली का अनुसरण करता है:

(i) असाधारण छात्रों के लिए छात्रों के लिए ओ (O) ग्रेड। अधिकतम 15% छात्रों को यह ग्रेड दिया जा सकता है।

(ii) बहुत अच्छे छात्रों के लिए ए (A) ग्रेड। अधिकतम 25% छात्रों को यह ग्रेड दिया जाना चाहिए।

(iii) अच्छे निष्पादन के लिए बी (B) ग्रेड। अधिकतम 30% छात्रों को इस ग्रेड से सम्मानित किया जा सकता है।

(iv) औसत निष्पादन के लिए सी (C) ग्रेड। 20% छात्रों को इस ग्रेड से सम्मानित किया जा सकता है।

(v) संतोषजनक छात्रों के लिए डी (D) ग्रेड। अधिकतम 10% छात्रों को यह ग्रेड दिया जा सकता है।

(vi) उत्तीर्ण निष्पादन के लिए पी (P) ग्रेड। खराब निष्पादन वाले छात्रों को यह ग्रेड दिया जाता है।

(vii) एफ़ का अभिप्राय अनुत्तीर्ण से है। यदि छात्र का निष्पादन उपरोक्त सभी श्रेणियों से नीचे है, तो उसे यह ग्रेड दिया जा सकता है।

(viii) आई (I) ग्रेड का अभिप्राय चिकित्सा / प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित आधार पर अपूर्ण से है। ऐसे छात्रों को अवनति के बगैर परीक्षा में सम्मिलित होने का एक और मौका दिया जा सकता है।

(ix) एबीएस (ABS) का अभिप्राय परीक्षा में अनुपस्थिति से है।

उपर्युक्त आठ लेटर ग्रेड, उनके विवरण, और संख्यात्मक ग्रेड अंक, 10 अंक वाले पैमाने पर (ग्रेड अंक के रूप में जाना जाता है) निम्नलिखित तालिका में दिए गए हैं:

ग्रेड	**विवरण**	**भार**
ओ	उत्कृष्ट	10
ए	बहुत अच्छा	9
बी	अच्छा	8
सी	औसत	7
डी	संतोषजनक	6
पी	उत्तीर्ण	5
एफ	अनुत्तीर्ण	0
आई	अपूर्ण	0
एबीएस	अनुपस्थित	0

ग्रेड	**अंक विवरण (100 में से)**
ओ	90 - 100
ए	80 - 89
बी	70 - 79

सी	60 – 69
डी	50 -59
पी	35 -49
एफ	35 से नीचे

सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत (एसजीपीए)

सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत सभी पाठ्यक्रमों में एक छात्र द्वारा अर्जित ग्रेड अंकों का भारित औसत है और यह उस सेमेस्टर में उसके निष्पादन का उल्लेख करता है। यदि किसी छात्र को सभी पाठ्यक्रमों में प्रदान किए गए लेटर ग्रेड से जुड़े ग्रेड पॉइंट $g_1, g_2, g_3, g_4, \ldots\ldots g_n$ और संगत क्रेडिट $c_1, c_2, c_3, c_4, \ldots\ldots c_n$ हैं तो एसजीपीए निमन्वत दिया गया है:

$$\mathbf{SGPA} = \frac{\sum_{i=1}^{n} c_i g_i}{\sum_{i=1}^{n} c_i}$$

इसके अलावा, जब किसी छात्र को बैक पेपर में उपस्थित होने की अनुमति दी जाती है, तो नया लेटर ग्रेड एसजीपीए की गणना में पुराने लेटर ग्रेड को बदल देता है।

संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत (सीजीपीए)

संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत नवीनतम पूर्ण सेमेस्टर तक पंजीकृत और शामिल सभी पाठ्यक्रमों में एक छात्र के समग्र शैक्षणिक निष्पादन को इंगित करता है। इसकी गणना उसी विधि से की जाती है जैसे कि सभी पाठ्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए, पिछले सभी सेमेस्टर के अनुसार, और निम्न द्वारा दिया गया है:

$$\mathbf{CGPA} = \frac{\sum_{i=1}^{k} c_i g_i}{\sum_{i=1}^{k} c_i} \quad .$$

जब किसी छात्र को किसी सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय में ग्रेड 'एफ' मिलता है, तो उस सेमेस्टर के एसजीपीए और सीजीपीए की गणना प्रत्येक ऐसे 'एफ' ग्रेड के लिए केवल 'शून्य बिंदु' लेते हुए अस्थायी रूप से की जाएगी। बाद के सेमेस्टर के दौरान बेहतर ग्रेड के द्वारा 'एफ' ग्रेड को प्रतिस्थापित किया गया है , सभी सेमेस्टर का एसजीपीए और सीजीपीए, शुरुआती सेमेस्टर से आरंभ होता है जिसमें `एफ' ग्रेड अद्यतन किया गया है, वह ग्रेड के इस परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए पुन: प्रतिष्ठित किया गया है ।

12. निष्पादन का आकलन:

12.1 पूरे सेमेस्टर में छात्र के निष्पादन का निरंतर मूल्यांकन होगा और इस उद्देश्य के लिए विषय शिक्षक / समन्वय समिति द्वारा ग्रेड प्रदान किए जाएंगे। समन्वय समितिका गठन परिशिष्ट IV में दिया गया है।

12.2 क) किसी विशेष विषय के लिए एक छात्र द्वारा प्राप्त ग्रेड पर पहुंचने के लिए, आरंभ में 100 (सौ) में से छात्र द्वारा प्राप्त एक संख्यात्मक अंक निर्धारित किया जाना है। उन विषयों के लिए जहां प्रयोगशाला घटक (पी-घटक) गैर-शून्य है, अलग-अलग अंक प्रत्येक 100 (सौ) में से, सिद्धांत घटक (I- और टी-घटक) में और प्रयोगशाला घटक का पहले पता लगाया जाना होता है। असफलता के मामलों में (अर्थात, 'एफ' ग्रेड प्राप्त करने वाले छात्र के मामले) निर्धारित किए जाने चाहिए, जैसा कि परिशिष्ट V में स्पष्ट किया गया है।

ख) एक बार संख्यात्मक अंक प्राप्त करने के बाद, उसे परिशिष्ट V में दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए लेटर ग्रेड में बदल दिया जाता है।

ग) उस विषय के लिए जिसमें सिद्धांत घटक 1 (एक) से अधिक होता है, उपघटक एवं इनके लिए दिये गए संगत भार नीचे दिए गए हैं ।

<u>उप-घटक अधिमान</u>

शिक्षक का आंकलन (टीए) - 20% (5% उपस्थिति + 15% कक्षा परीक्षण और दिये गए कार्य)

मध्य सेमेस्टर परीक्षा - 30%

अंत– सेमेस्टर परीक्षा - 50%

घ) शिक्षक के आंकलन (टीए) के निष्पादन में अंक देने के लिए, गृह कार्य ,कक्षा परीक्षण, ट्यूटोरियल, मौखिक परीक्षा , उपस्थिति आदि पर विचार करना होता है। किसी विषय के लिए कम से कम दो कक्षा परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए। शिक्षक आंकलन में विभिन्न उपघटकों के भार सेमेस्टर के आरंभ में शिक्षक द्वारा उद्घोषित किए जाने होते हैं ।

ङ) उस विषय के लिए जिसमें सिद्धांत घटक 1 (एक) होता है वहाँ मध्य सेमेस्टर अथवा अंत सेमेस्टर की परीक्षा नहीं होगी। सिद्धांत घटक के अंक कक्षा-परीक्षण, गृहकार्य, ट्यूटोरियल, (यदि कोई हो) मौखिक परीक्षा, उपस्थिति आदि में निष्पादन से तय किया जाएग। , ऐसे विषय के सिद्धांत घटकों के लिए न्यूनतम दो कक्षा परीक्षण किए जाने होते हैं। सेमेस्टर के आरंभ में शिक्षक द्वारा विभिन्न उपघटकों के भार की उद्घोषणा करनी होती है ।

च) प्रयोगशाला घटक (पी-घटक) में अंक देने के लिए जिन प्रासंगिक उपघटकों पर विचार किया जाता है वे हैं : दैनिक कार्य, नियमितता, परीक्षण (न्यूनतम दो अवश्य होने चाहिए), दिये गए कार्य, मौखिक परीक्षा आदि। अंतिम अंक तय करने में अलग-अलग उपघटकों के प्रतिशत अधिमान की उद्घोषणा सेमेस्टर के आरंभ में की जाती है।

12.3 छठे सेमेस्टर के बाद ग्रीष्म अवकाश के दौरान आठ सप्ताह के औद्योगिक प्रशिक्षण का आंकलन सातवें सेमेस्टर के आरंभ होने के पांच सप्ताह के भीतर होगा। छात्रों से अपेक्षित है कि वे प्राप्त प्रशिक्षण पर एक लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत करें और एक सेमिनार दें, जिसके आधार पर एक ग्रेड प्रदान किया जाएगा। छात्रों से यह भी अपेक्षित है कि वे विभाग के प्रमुख को निर्धारित प्रपत्र में उस संगठन के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रशिक्षण पूर्णता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें जहां से उसने प्रशिक्षण लिया था। बिना इस प्रमाण पत्र के उसका मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

12.4 परियोजना कार्य का मूल्यांकन

क) परियोजना में शामिल विभिन्न गतिविधियों में निष्पादन का मूल्यांकन प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में व्यक्तिगत रूप से किया जाएगा जिसमें इसे पाठ्यक्रम के अनुसार किया जा रहा है। छात्रों को सेमेस्टर के अंत में एक लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करना आवश्यक है। विभागाध्यक्ष मूल्यांकन के लिए एक परियोजना मूल्यांकन समिति नियुक्त करेंगे। मूल्यांकन के विभिन्न घटकों और इन घटकों को दिए गए अधिमान को नीचे दर्शाया गया है:

i) पर्यवेक्षक का मूल्यांकन : 40%

ii) परियोजना रिपोर्ट / थीसिस (बोर्ड द्वारा मूल्यांकन किया जाना है) : 20%

iii) मूल्यांकन बोर्ड समिति का आकलन : 40%

छात्र द्वारा परियोजना कार्य पर एक सेमिनार देना अपेक्षित होता है। मूल्यांकन समिति मौखिक परीक्षा का आयोजन करेगा। सेमिनार एवं मौखिक परीक्षा, जो अंत सेमेस्टर परीक्षा के दस दिनों के भीतर आयोजित करने की तिथियां, शैक्षणिक कैलेंडर में घोषित होंगी ।

ख) यदि बी टेक (आनर्स) का कोई छात्र आठवें सेमेस्टर की समाप्ति तक परियोजना कार्य पूरा न होने की वजह से अंतिम परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करता है और शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप विभाग द्वारा निर्धारित तिथि पर मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं होता है तो उसे निम्नलिखित शर्तों पर दो माह तक का समय विस्तार दिया जा सकता है:

i) उसके द्वारा प्राप्त ग्रेड की तुलना में एक ग्रेड कम दिया जाएगा, और

ii) यदि वह आगामी सत्र में लागू हो, तो उसके द्वारा उपाधि की आवश्यकताओं को पूरा किया हुआ समझा जाएगा।

12.5 विभागाध्यक्ष पाठ्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार व्यापक मौखिक परीक्षा आयोजित करने के लिए मौखिक परीक्षा समिति का गठन करेंगे। समिति मौखिक परीक्षा के अलग-अलग पहलू के सापेक्ष अधिमान का निर्धारण करेगा और छात्रों को दिये जाने वाले ग्रेड का निर्धारण करेगा। मौखिक परीक्षा, जो पिछले अंत सेमेस्टर परीक्षा के दस दिनों के भीतर आयोजित की जाती है की तिथियां, शैक्षणिक कैलेंडर में घोषित की जाएंगी।

13. परीक्षा

13.1 जब तक कि अन्यथा अनुमति न हो, संस्थान का अकादमिक अनुभाग मध्य-सेमेस्टर और अंतिम – सेमेस्टर के विषयों के सिद्धांत घटक परीक्षाओं का केंद्रीय रूप से संचालन करेगा।

13.2 i) छात्र को परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र केवल तब जारी किया जाएगा, जब उसने:

क) सिद्धांत और प्रयोगशाला कक्षाओं में शिक्षकों की संतुष्टि के अनुसार उपस्थिति अभिलेख और दिए गए कार्यों को पूरा किया हो।

ख) उस सेमेस्टर में संस्थान और छात्रावास के सभी बकाया राशि का भुगतान किया हो ।

ग) अनुशासनात्मक कार्यवाही के परिणाम स्वरूप उसे परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया गया हो ।

ii) छात्र को समन्वय समिति के शिक्षक / अध्यक्ष, के प्रतिवेदन परमध्य सेमेस्टर अथवा अंत –सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकता है, यदि उसका / उसकी

क) उस अवधि के दौरान व्याख्यान / ट्यूटोरियल / प्रयोगशाला कक्षाओं में उपस्थिति संतोषजनक नहीं हो, और / या,

ख) सेमेस्टर के दौरान सौंपे गए कार्यों में निष्पादन संतोषजनक नहीं रहा हो।

13.3 i) कक्षा परीक्षण, मध्य सेमेस्टर परीक्षा, सौंपे गए कार्य, ट्यूटोरियल, मौखिक परीक्षा, प्रयोगशाला कार्य, आदि निरंतर मूल्यांकन प्रक्रिया के घटक होते हैं, और छात्र को विषय के शिक्षक / समन्वय समिति द्वारा निर्धारित इन सभी आवश्यकताओं को अवश्य पूरा करना चाहिए। यदि किसी बाध्यकारी कारणों (जैसे उसकी बीमारी, परिवार पर आपदा आदि) की वजह से कोई छात्र निर्धारित तिथि और समय के भीतर किसी भी आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहता है, तो शिक्षक / समन्वय समिति संबंधित विभागाध्यक्ष के परामर्श से इस तरह के कदम उठा सकते हैं (जैसा कि प्रतिपूरक परीक्षणों / परीक्षाओं के संचालन सहित) जिसे वे उचित समझें।

ii) क) अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होना –विषय के सिद्धांत घटक की सेमेस्टर परीक्षा छात्र के लिए अनिवार्य है। जब तक उसे खंड 13.3 ii ख) के अनुसार छूट नहीं दी जाती है जो नीचे उल्लेखित है, यदि कोई छात्र अंतिम परीक्षा में उपस्थित नहीं हो पाता है – तो उसे परीक्षा के विषय में 'एफ' ग्रेड दिया जाएगा और उसे ग्रीष्म तिमाही में पंजीकरण की अथवा उस विषय की पूरक परीक्षा जैसा कि क्रमशः खंड 13.8 और 13.10 में निर्धारित है, में शामिल होने कि अनुमति नहीं दी जाएगी।

ख) यद्यपि , यदि किसी छात्र को स्वयं की गंभीर बीमारी या परिवार में किसी आपदा जैसे बाध्यकारी कारणों की वजह से अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा छूट जाती है, तो वह छात्र अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से ग्रीष्म तिमाही अथवा पूरक परीक्षा, जैसी भी स्थिति हो, में पंजीकरण की अनुमति हेतु छात्र मामलों के डीन से अपील कर सकता है। स्नातक कार्यक्रम एवं मूल्यांकन समिति की उप समिति जिसमें निम्नलिखित सदस्य होते हैं, दस्तावेजों की जांच करने और मामले की योग्यता के बारे में आश्वस्त होने के बाद, उसे ग्रीष्मकालीन तिमाही में पंजीकरण करने की अनुमति देने और / अथवा पूरक परीक्षा में पूर्ण क्रेडिट के साथ उसकी अनुपस्थिति को माफ करते हुए सम्मिलित होने की सिफारिश कर सकती है।

i) छात्र मामलों के डीन - अध्यक्ष

ii) शैक्षणिक मामलों के डीन

iii) संस्थान चिकित्सक अथवा संस्थान द्वारा इस उद्देश्य के लिए मान्य कोई चिकित्सक

iv) उप कुलसचिव (अकादमिक) - सचिव

13.4 छात्रों को केवल उन्हीं विषयों की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी, जिनके लिए उन्होंने सेमेस्टर के आरंभ में पंजीकरण किया हो और उन्हें वंचित नहीं किया गया हो।

13.5 किसी विषय में छात्रों को दिए गए अंतिम ग्रेड को शिक्षक / अध्यक्ष, समन्वय समिति द्वारा परीक्षा आयोजित करने की तिथि से सात दिनों के भीतर संबंधित विभागाध्यक्ष को प्रस्तुत किया जाना चाहिए जिससे कि वे आगे सहायक / उप कुलसचिव (अकादमिक) को प्रेषित कर सकें ।

13.6 अतिरिक्त शैक्षणिक गतिविधियों (ईएए) में निष्पादन का मूल्यांकन इन्हें सम्पन्न करने वाले प्राधिकारियों द्वारा किया जाएगा। ग्रेड की सूचना निम्नलिखित प्राधिकारियों द्वारा ईएए के सह-समन्वयक: एनएसएस /एनएसओ के प्रमुख / डीन (छात्र मामले) द्वारा सहायक / उप कुलसचिव (अकादमिक) को दी जाएगी ।

13.7 किसी विषय में छात्र के ग्रेड में परिवर्तन, संबंधित शिक्षक की ओर से चूक और / अथवा किसी भी वास्तविक त्रुटि का पता लगने पर, विभागीय यूसी समिति द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए और समन्वय समिति के शिक्षक / अध्यक्ष द्वारा अगले सेमेस्टर के प्रारंभ होने की तिथि से 20 (बीस) दिनों के भीतर संबंधित विभाग के प्रमुख के माध्यम से अग्रेषित किया जाना चाहिए।

13.8 छात्रों द्वारा सीखने की प्रक्रिया के रूप में और सभी कक्षा परीक्षणों, मध्य सेमेस्टर परीक्षाओं, सौंपे गए कार्य आदि के सुधार के बाद स्क्रिप्ट को परीक्षण / परीक्षा की तिथि से 4 सप्ताह के भीतर छात्रों को दिखाया जाएगा। अंत – सेमेस्टर परीक्षाओं की स्क्रिप्ट को अगले सेमेस्टर के आरंभ होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर दिखाया जाना है।

13.9 छात्रों की सहायता के लिए, जो एक वर्ष में शरदऋतु और /अथवा वसंत सेमेस्टर में एक अथवा एक से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण रहे, उनकी कमी को पूरा करने और निष्पादन में सुधार के लिए ग्रीष्म कालीन अवकाश के तुरंत बाद एक ग्रीष्म तिमाही आयोजित किया जाएगा। ग्रीष्म तिमाही चलाने के नियम परिशिष्ट V में दिए गए हैं।

13.10 उन छात्रों को एक अतिरिक्त अवसर प्रदान करने के लिए जो एक वर्ष में शरदऋतु और वसंत सेमेस्टर अथवा सिद्धांत घटकों में कट-ऑफ अंक से अधिक अर्जित नहीं कर पाने के कारण एक या एक से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण (एफ ग्रेड) हो चुके हैं। अकादमिक अनुभाग द्वारा केंद्रीय रूप से व्यवस्थित अंतिम सेमेस्टर के बराबर पूरक परीक्षाएँ, हर वर्ष (अगले सत्र के आरंभ होने से पहले) जुलाई के महीने में आयोजित की जाएगी। पूरक परीक्षा से संबंधित विनियम परिशिष्ट VI में दिए गए हैं।

13.11 किसी भी डिग्री प्रोग्राम में एक छात्र को 3 वर्ष की अधिकतम अवधि में पहले चार सेमेस्टर के निर्धारित पाठ्यक्रम कार्य को पूरा करना होगा और अंतिम चार या छह सेमेस्टर जैसी भी स्थिति हो, जो पाठ्यक्रम की अवधि के आधार पर हो सकते हैं उन्हें क्रमशः 3 अथवा 4 वर्ष की अवधि में पूरा करना होगा। विशेष मामलों में विभाग और स्नातक कार्यक्रम मूल्यांकन समिति (यूजीपीईसी) की सिफारिश पर सीनेट, बी टेक (ऑनर्स) उपाधि के लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुल समय सीमा को 7 वर्ष तक आगे बढ़ा सकती है।

14. स्नातक होने की आवश्यकता

14.1 इन विनियमों के तहत संस्थान के बी.टेक (ऑनर्स) उपाधि के लिए अर्हता प्राप्त करने के क्रम में छात्र को चाहिए कि वह:

क) प्रत्येक विषय में न्यूनतम ग्रेड 'पी' के साथ उस विषय के पाठ्य विवरण में निर्धारित सभी क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करें।

ख) सेमेस्टर के अंत में 6.00 अथवा उससे अधिक का सीजीपीए प्राप्त करें जिसमें वह डिग्री के लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है।

ग) उसने संस्थान, छात्रावास, पुस्तकालय और विभाग के सभी बकाया राशि का भुगतान किया हो ।

14.2 जब नया पाठ्यक्रम तैयार किया जाता है तो उपाधि प्रदान करने के लिए न्यूनतम कुल क्रेडिट आवश्यकताओं का निर्धारण सीनेट द्वारा तय किया जाएगा, जिन्हे संतोषजनक ढंग से पूरा किया जाना है ।

14.3 सामान्यतय किसी छात्र को बीटेक (ऑनर्स) की उपाधि के लिए आठ सेमेस्टर में लगातार सभी आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए।

शैक्षिक रूप से कमजोर छात्रों को उपाधि के लिए सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु 12 सेमेस्टर तक का समय दिया जा सकता है।

14.4 कोई छात्र, जिसका किसी भी सेमेस्टर के अंत में शैक्षिक रिकार्ड स्पष्ट रूप से यह इंगित करता है कि वह उस उपाधि के लिए अर्हता प्राप्त करने में सक्षम नहीं होगा जिसके लिए उसे खंड 13.3 में निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर प्रवेश दिया गया हुआ था ऐसा कहने पर उसे पढ़ाई बंद करनी होगी और संस्थान को छोड़ना होगा।

15. संस्थान से नाम वापस लेना

15.1 कोई छात्र जिसे संस्थान के एक डिग्री कोर्स में प्रवेश दिया गया है, लंबी बीमारी अथवा परिवार में कोई गंभीर समस्या जिसकी वजह से उसे घर में रहने के लिए बाध्य होना पड़े, के आधार पर उसे एक सेमेस्टर की अवधि अथवा अधिक के लिए अस्थायी रूप से नाम वापस लेने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते:

क) वह सेमेस्टर आरंभ होने के 15 दिनों के भीतर या उस तिथि से संस्थान में आवेदन करता है, जिस तिथि को उसने अपनी कक्षाओं में अंतिम रूप से भाग लिया था,जो भी बाद में हो। आवेदन में इस तरह की नाम वापसी के पूरा कारण का उल्लेख एवं, सहायक दस्तावेजों के साथ पिता / अभिभावक के हस्ताक्षर हों ।

ख) संस्थान इस बात से संतुष्ट हो कि, नाम वापसी की अवधि को शामिल करते हुए, छात्र द्वारा 13.3 खंड में निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर उपाधि के लिए अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने की संभावना है।

ग) संस्थान /छात्रावास / विभाग / पुस्तकालय / जिमखाना / एनएसएस द्वारा उसके प्रति कोई बकाया देय नहीं हो।

15.2 कोई छात्र हो 14.1 खंड के प्रावधान के तहत संस्थान से अस्थायी रूप से नाम वापसी की अनुमति दी गई हो, को बीच की अवधि का शिक्षण शुल्क और अन्य आवश्यक शुल्क / प्रभार का भुगतान तब तक करना होगा जब तक कि उसका नाम रोल लिस्ट में रहता है ।

15.3 किसी छात्र को संस्थान के छात्र के रूप में उसके कार्यकाल के दौरान केवल एक ही बार अस्थायी नाम वापसी दी जाएगी।

16. संस्थान के पदक और पुरस्कार

सीनेट के पास, समय-समय पर जैसा कि वह उचित समझे ,पदक और पुरस्कार आरंभ करने का अधिकार होगा।

1. योग्यता–सह-साधन छात्रवृत्ति

ये छात्रवृत्तियाँ संस्थान निधि से प्रदान की जाती हैं। योग्यता–सह-साधन छात्रवृत्ति प्रदान करने से संबंधित नियम परिशिष्ट VII में वर्णित हैं।

17. छूट

सीनेट, असाधारण परिस्थितियों में, छात्र के किसी भी मामले पर विचार कर सकता है, जिसमें इन विनियमों में बताई गई आवश्यकताओं के संबंध में मामूली खामी हो और मामले की योग्यता के आधार पर इन विनियमों के प्रासंगिक प्रावधान में छूट दी जाएगी। जिन आधारों पर इस तरह की छूट दी गई है, उन्हें सदैव रिकार्ड किया जाएगा और उन्हें पूर्वता के रूप में उद्धृत नहीं किया जा सकता है।

परिशिष्ट -I

निवास आवश्यकताओं से संबन्धित नियम

छात्रों की निवास आवश्यकताओं को शासित करने वाले विस्तृत नियम निम्नलिखित हैं:

क. छात्रावास के प्रत्येक हॉल के भोजनालय किसी एकल एकीकृत इकाई के रूप में कार्य करेंगे और किसी भी परिस्थिति में किसी भी प्रकार के समूहों या उप समूहों में विभाजित नहीं होगा ।

ख. संस्थान के निदेशक / छात्र मामलों के डीन, विशेष परिस्थितियों में छात्र को परिसर में या संस्थान से उचित दूरी के भीतर अपने माता-पिता / अभिभावक के साथ रहने की अनुमति दे सकते हैं। यद्यपि ऐसा छात्र, छात्रावास से जुड़ा होगा और नियमानुसार उसे सीट के किराए एवं हॉल प्रबंधन समिति (एचएमसी) और हॉल के वार्डन द्वारा निर्धारित हॉल स्थापना शुल्क का भुगतान करना होगा । यद्यपि, इस अनुमति को संस्थान अपने विवेक से किसी भी समय उचित समझे जाने पर बिना कारण बताए वापस ले सकता है।

ग. स्नातक पाठ्यक्रमों के किसी भी छात्र को कोई विवाहित आवास प्रदान नहीं किया जाएगा।

घ. अध्यक्ष , हॉल प्रबंधन समिति (एचएमसी) की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी छात्र छात्रावास के किसी भी हॉल में न तो आएगा और न ही आवंटित आवास को छोड़ सकेगा ।

ङ छात्र अपने आवंटित कमरे में ही निवास करेगा और केवल वार्डन के निर्देश / अनुमति पर ही किसी अन्य कमरे में स्थानांतरित होगा।

च छात्रों को,निरीक्षण, मरम्मत, रखरखाव या कीटाणु रहित करने के लिए जब भी आवश्यक हो अपने कमरे उपलब्ध करवाने होंगे और अवकाश/ छुट्टियों के लिए बाहर जाते समय कमरे खाली करने होंगे।

छ. फर्नीचर की उचित देखभाल के लिए छात्र जिम्मेदार होंगे। छात्र ,आमतौर पर आवंटित कमरों के पंखे और अन्य उपकरणों की उचित उपयोग में वार्डन की सहायता करेंगे। सभी छात्र सामान्य उपयोग के हॉल के देखभाल और सुरक्षित रखने हेतु उत्तरदायी होते हैं।

ज. छात्र अपनी संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। चोरी, या किसी अन्य कारण से किसी छात्र की किसी भी निजी संपत्ति के नुकसान की स्थिति में, संस्थान कोई जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करेगा और किसी भी प्रतिकर के भुगतान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

झ. छात्रावास में किसी छात्र द्वारा व्यक्तिगत परिचर, पालतू जानवरों को रखना और बिजली के हीटर, रेफ्रिजरेटर आदि जैसे उपकरणों का उपयोग करना निषिद्ध है।

ञ. सभी छात्रों को समय-समय पर बनाए गए छात्रावास के नियमों और विनियमों का अनुपालन करना अपेक्षित है।

परिशिष्ट-II

उपस्थिति संबंधी नियम

कक्षाओं में उपस्थिति से संबंधित नियम निम्नलिखित हैं:

